3rd class Hindi Bodh Ch. 5 Likhit Ques. Ans.

## लिखित

क) महोनबेनी सर्दी की छुट्टियों में कहाँ गई थी ?

उत्तर- महोनबेनी सर्दी की छुट्टियों में अपनी दादी के घर नागालैंड गई थी ।

ख) महोनबेनी ने किसे और कैसे बचाया था ?

उत्तर- महोनबेनी ने अपनी दादी को नदी के गहरे पानी में से बाहर निकाल कर बचाया ।

ग) रिया चौधरी की बहादुरी की घटना कब घटी ?

उत्तर- रिया चौधरी की बहादुरी की घटना 10 मई 2015 में घटी ।

घ) रिया ने किसे और कैसे बचाया था ?

उत्तर-हमलावरों के निशाने से अपने पिता को बचाने के लिए वह अपने पिता के आगे आ गई जिससे उसने अपने पिता की जान बचाई ।

ड़) ज़ील जितेंद्र मराठी के साथ क्या हादसा हुआ था ?

उत्तर- शिवराजपुर पिकनिक से लौटते समय ड्राइवर बस से अपना नियन्त्रण खो बैठा जिससे बस लगातार नीचे की ओर गिरने लगी। ज़ील हिम्मत करके बाहर निकली और उसने पुलिस तथा एम्बुलेंस की सहायता से बच्चों की जान बचाने की कोशिश की।

च) आपको इनमें से किस कारनामे ने सबसे अधिक प्रेरित किया और क्यों ?

उत्तर- हमें जील जितेंद्र मराठे के कारनामे ने सबसे अधिक प्रभावित किया क्योंकि उसने किसी एक की नहीं बल्कि बहुत सारी जानों को बचाया था ।

छ) बहादुरी की ये सच्ची कहानियाँ आपको क्या संदेश देती हैं ?

उत्तर- बहादुरी की सच्ची कहानियाँ हमें यह संदेश देती है कि दृढ़ निश्चय साहस एवं धैर्य से हर समस्या का सामना सफलतापूर्वक किया जा सकता है ।